हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

### देश में 64 वीं रेटिंग पर नगर सरकार कोतबा



## श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर बगिया में दो दिनों में बने 63 हजार 211 पार्थिव शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जशपुर जिला अंतर्गत बगिया स्थित श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित 100108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप ले चुका है। बीते दो दिनों में श्रद्धालुओं की आस्था और सेवा भावना से अब तक 63,211 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूर्ण हो चुका है।इस विशेष पूजन कार्यक्रम का समापन गुरुवार, 24 जुलाई 2025 को किया जाएगा। समापन अवसर तक 1 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसे श्रद्धालुजन मिलकर पूर्ण करने में जुटे हैं।

### पूजा में जुटीं कौशल्या साय

इस महापर्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय लगातार अपनी उपस्थिति से आयोजन को गरिमा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने विधि-विधान और वैदिक रीति से पूजा-अर्चना संपन्न कराते हुए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया। उनका संयम, श्रद्धा और संकल्प इस आयोजन को एक विशेष स्वरूप प्रदान कर रहा है।



शिव महापुराण कथा का वाचन करतीं किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री।



महिलाओं के साथ शिवलिंग निर्माण करतीं कौशल्या साय।

**शिव महापुराण कथा का दिव्य वाचनः** कार्यक्रम के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक उत्थान हेतु प्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी शास्त्री द्वारा शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा में भगवान शिव की महिमा, भक्ति मार्ग का महत्व और शिवलिंग पूजन की विशेषता का सारगर्भित वर्णन श्रद्धालुओं को आत्मिक आनंद से सराबोर कर रहा है।

### लगाए गंभीर आरोप, एनएचएआई सो रहा गहरी नींद में

# टोल प्लाजा पर अवैध वसूली धरने पर बैठा ड्राइवर संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- नेशनल हाइवे पर घंटो तक लगा रहा लंबा जाम

कटनी-गुमला नेशनल हाईवे पर स्थित जिले के एकमात्र लोदाम टोल प्लाजा पर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। ड्राइवर संघ ने टोल प्लाजा कर्मचारियों पर निर्धारित टोल टैक्स से अधिक वसूली करने का गंभीर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। ड्राइवरों और टोल कर्मचारियों के बीच घंटों तीखी नोकझोंक के बाद ड्राइवर संघ टोल प्लाजा के सामने धरने पर बैठ गया। इससे घंटों तक नेशनल हाईवे पर जाम लगा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को लोदाम थाने पहुंचाया।




टोल प्लाजा में धरना प्रदर्शन करता चालक संघ।




मौके पर खड़े सब्जी ढोने वाले पिकअप वाहन।

**अवैध वसूली का आरोपः** दरअसल, कटनी-गुमला नेशनल हाईवे पर बने लोदाम टोल प्लाजा पर उस वक्त हंगामा मच गया जब जिले के सन्ना मनोरा क्षेत्र से निकलने वाली सब्जियों को पड़ोसी राज्यों झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में ले जाने वाले ड्राइवरों ने देर रात टोल प्लाजा कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नेशनल हाईवे 43 जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। सब्जी व्यापारियों ने ड्राइवरों के साथ मिलकर यह विरोध प्रदर्शन किया। ड्राइवर संघ का आरोप है कि टोल प्लाजा पर खुलेआम अवैध वसूली का खेल चल रहा है। उनके अनुसार, शासन द्वारा निर्धारित टोल टैक्स के अलावा, लोदाम टोल प्लाजा में छोटी मालवाहक गाड़ियों से 100 रुपये और ट्रकों से 500 रुपये का अतिरिक्त चार्ज प्रति गाड़ी लिया जा रहा है।

**हाईवे पर लंबा जाम, पुलिस ने की कार्रवाईः** इस दौरान टोल प्लाजा के कर्मचारियों और ड्राइवर संघ के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। धीरे-धीरे ड्राइवरों की संख्या बढ़ती गई और पूरा नेशनल हाईवे जाम हो गया, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। घंटों तक चले विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जब इस मामले की सूचना लोदाम पुलिस को मिली, तो वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों पक्षों को लोदाम थाना ले आए। फिलहाल, पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर व्याप्त रोष एक बार फिर सामने आया है।

## 36 लाख का गांजा जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- ऑपरेशन 'आघात'

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना तपकरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ओड़िसा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक क्विंटल 21 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत 36 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जुलाई को तपकरा पुलिस को सूचना मिली कि सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (सीजी 04 डीआर 6000) में ओड़िसा से भारी मात्रा में गांजा मध्यप्रदेश ले जाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन पर त्वरित घेराबंदी की गई। लावाकेरा बैरियर पर चेकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा बताए गए नंबर की गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोका और तलाशी लेने पर डिक्की में पीले प्लास्टिक ▶▶ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



बरामद गांजा।

### नशे के खिलाफ जारी रहेगी पुलिस की जंग

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस का 'ऑपरेशन आघात' पूरी सक्रियता के साथ जारी है। जिले में नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हम लगातार तस्करों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र को भी और मजबूत कर रहे हैं।"

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया वेयर हाउस का आकस्मिक निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को तहसील कार्यालय परिसर ईवीएम वेयर हाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया। सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। परिसर को नियमित साफ सफाई करने के निर्देश वेयर हाउस में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था और सी सी टी कैमरा चालू हालत में रखने के लिए कहा है। वेयर हाउस के छत की साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं और टूटी हुई लकड़ी को हटाने के लिए कहा है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधी गण और निर्वाचन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सर्पदंश से बचाव, नागपंचमी पर होगा कार्यशाला

**जशपुरनगर।** लोगों को सर्पदंश से बचाव के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 29 जुलाई को नागपंचमी के अवसर पर जशपुर वन मण्डल द्वारा जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा सर्प विशेषज्ञों के द्वारा सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के संबंध में किसी आपात परिस्थिति में क्या करें तथा क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला में सर्प से संबंधित ज्ञान रखने वाले सभी इच्छुक व्यक्ति शामिल हो सकते हैं।

### जिले में अब तक 5632.5 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 5632.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 23 जुलाई तक की स्थिति में 4097.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 115.2मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 599.6 मिमी, मनोरा में 723.8 मिमी, कुनकुरी में 799.4 मिमी, दुलदुला में 399.6 मिमी, फरसाबहार में 476.2 मिमी, बगीचा में 593.9 मिमी, कांसाबेल में 551.1 मिमी, पत्थलगांव में 447.9 मिमी, सन्ना में 666.9 मिमी एवं बागबहार में 407.1 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### जनहानि के दो मामले में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम पतराटोली निवासी स्व. दशमेत बाई का नाला डेम के पानी में डूबने से 27 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति रूखनाथ हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार जशपुर तहसील के ग्राम पैकू.निवासी स्व. लिंजियुस मिंज का कुंआ के पानी में डुबने से 10 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पत्नी श्रीमती दोमनिक मिंज हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### डीजल लूटने ग्रामीणों की मची होड़

**प्रतापपुर/पोड़ीमोड़।** प्रतापपुर-अंबिकापुर हाईवे बनारस मार्ग पोड़ी मोड के समीप 45 हजार लीटर डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे हड़कंप मच गया। इधर डीजल से भरे टैंकर पलटने की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और लोगों में डीजल लूटने की होड़ मच गई। जानकारी के अनुसार टैंकर वाहन क्रमांक आरजे 14 2428 का चालक आजमनगर निवासी लाल साय यादव (30 वर्ष)मुगलसराय से झारसुगुड़ा लखनपुर माइंस डीजल लेकर जा रहा था।

## तीन स्थानों पर होगा उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण



- मुख्यमंत्री ने दी जिले को 11 करोड़ 52 लाख रुपए की सौगात

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए एक और बड़ी सौगात दी है। जिले के तीन प्रमुख नदी-नालों में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए कुल 11 करोड़ 52 लाख 43 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीण अंचल की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी और वर्षा ऋतु में भी अब नागरिकों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी।

### यहां बनेंगे तीन प्रमुख पुल

लोक निर्माण विभाग द्वारा जशपुर जिले के बोडोकछार से चटकपुर मार्ग पर स्थित चंपाझरिया नाला में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 4 करोड़ 46 लाख 58 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है और पुल निर्माण से वर्षा के दिनों में बहाव से कटने वाली सड़क की समस्या स्थायी रूप से दूर होगी।जिले के भालूमुंडा-खजूरघाट मार्ग पर स्थित कोकिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु 3 करोड़ 32 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस पुल के निर्माण से ग्रामीणों को पूरे साल निर्बाध रूप से आवाजाही की सुविधा मिल सकेगी।डूमरबहार से तमता मार्ग पर शेखरपुर के पास गुढ़ा नाला पर बनाया जाएगा। यहाँ 3 करोड़ 73 लाख 85 हजार रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण को मंजूरी दी गई है। इससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी सुगमता से पहुंच सकेंगी।

### लोगों ने जताया साय का आभार

इन पुलों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह परियोजनाएं क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी।

### 7.39 करोड़ की लागत के दो सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले के विकास के लिए अधोसंरचना कार्य को मजबूती दी जा रही है। जिससे दूरस्थ गांव भी शहर से जुड़ रहे हैं। इससे न केवल आवागमन शुलभ हुआ है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिली है। शासकीय योजनाओं की पहुंच आसान हुई है। मुख्यमंत्री की पहल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा 7 करोड़ 39 लाख 11 हजार रूपए की लागत के दो सड़क निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनमें 4 करोड़ 61 लाख 27 हजार रूपए की लागत के ग्राम पंचायत झिमकी से खमगड़ा पहुंच मार्ग लंबाई 4.20 किमी पुल-पुलिया सहित और 2 करोड़ 77 लाख 84 हजार रूपए लागत के ग्राम पंचायत कछार से चौराआमा तक लंबाई 2.80 का निर्माण कार्य शामिल है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म



दुष्कर्म के दोनों आरोपी।

**जशपुरनगर।** जिले के थाना सन्ना क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक 22 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए चंद घंटों में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 20 जुलाई को थाना सन्ना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम का युवक अभिषेक यादव उम्र 22 वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को उसके घर आया और प्रेम व विवाह का झांसा देकर उसे पास के जंगल में सुनसान स्थान पर ले गया। वहां उसने जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद वह हर 8-10 दिन में शादी का वादा कर लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब युवती गर्भवती हो गई और करीब छह-सात माह का गर्भ ठहर गया तब आरोपी ने विवाह से इनकार कर दिया। इसी दौरान ग्राम का ही दूसरा युवक कपिल देव यादव उम्र 22 वर्ष पूर्व से शादीशुदा है और वर्तमान में उसकी पत्नी उसे छोड़ चुकी है, ने पीड़िता की मजबूरी का फायदा उठाते ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दोनों आरोपी भेजा गया जेल

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि"महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को लेकर पुलिस पूरी तरह सजग एवं संवेदनशील है। शादी का झांसा देकर किसी भी युवती से दुष्कर्म करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।"

### अपराध और गिरफ्तारी

पीड़िता की शिकायत पर थाना सन्ना में दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनसए) की धारा 64(2)(एम) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया, और पर्याप्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 15 अगस्त से 6 फरवरी तक मनाया जाएगा रजत जयंती

## रजत जयंती वर्ष के आयोजन की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- कर्मचारियों के लंबित पेंशन व अन्य प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर आगामी छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष आयोजन की तैयारियां के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अवसर पर रजत जयंती जिले में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक 25 सप्ताहों तक मनाया जाना है।

रजत जयंती वर्ष का आयोजन दो चरणों में होगा। पहला चरण 15 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक होगा। दूसरा चरण 01 नंवबर 2025 से 6 फरवरी 2026 तक होगा। रजत जयंती वर्ष के आयोजन के अवसर पर जिला के सभी विभागों द्वारा अपने साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उनकी विभागीय योजनाओं एवं जिला में 25 वर्ष में विभाग द्वारा किए गए कार्यों का समावेश होगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने विभाग की उपलब्धियों पर आधारित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का रजत जयंती का उत्सव, युवा, अन्नदाता व नारी पर आधारित होगी, जिसमें इनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जनभागीदारी, सरकारी और निजी क्षेत्र से जुड़े लोगों सहित आम जनमानस की सक्रियता और सहभागिता से जनगौरव और देशभक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में विरासत और विश्वास का संगम होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत की गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। कलेक्टर ने रजत जयंती कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों को अपने जिले की महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों के दौरान जिला में विभागों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का समावेश होना चाहिए।



साप्ताहिक समय -सीमा की बैठक लेते कलेक्टर।

### कलेक्टर ने किया जिला संग्रहालय का निरीक्षण



जिला संग्रहालय का निरीक्षण करते कलेक्टर।

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को जिला संग्रहालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और परिसर की साफ सफाई नियमित करने के निर्देश दिए हैं। पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के लिए कहा है।कलेक्टर ने कहा कि पुरातत्व संग्रहालय में प्राचीन काल की बहुत अच्छी धरोहर को सहेज कर रखा गया है। इसको संरक्षित करके रखना बेहद जरूरी है। जिला पुरातत्व संग्रहालय समिति के सदस्यों को संगाहलय को और कैसे व्यवस्थित रखा जा सकता है। इस संबंध में सुझाव भी लिए और जनसहयोग से पुरातत्व काल की वस्तुओं के संबंध जानकारी का भी उल्लेख करने के लिए कहा है ताकि आने वाली पीढ़ी को इतिहास की जानकारी नियमित होती रहे। कलेक्टर ने जिला संग्रहालय के खिड़की दरवाजे, ठीक करने के निर्देश दिए हैं। शौचालय की साफ सफाई करके व्यवस्थित करने के लिए कहा और परिसर के झाड़ियां की साफ सफाई करने के भी निर्देश दिए हैं। न्होंने पर्यटन कार्यालय बनाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत एसडीएम जशपुर ओंकार यादव, नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, आरईएस के प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री राजेश श्रीवास्तव और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अंतर्राज्यीय अपराध पर नियंत्रण लगाने ली गई बोर्डर मीटिंग

**अम्बिकापुर।** आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के साथ अवैध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से बोर्डर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में पड़ोसी राज्य यूपी, एमपी व झारखंड के अधिकारी भी शामिल हुए। बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर 21 जुलाई को एसडीओपी वाड्रफनगर राम अवतार ध्रुव की अध्यक्षता में बलरामपुर जिले से लगे सीमावर्ती राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड के पुलिस अधिकारियों के साथ बार्डर मीटिंग रेस्ट हाउस वाड्रफनगर की गई। पड़ोसी राज्य एमपी बैढ़न थाना के चौकी प्रभारी डोभा उनि नीरज चौहान, यूपी थाना प्रभारी बभनी निरीक्षक कमलेश पॉल, झारखंड के थाना प्रभारी ढुर्की उनि जनार्दन, सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान वारंट तामिली, अवैध गांजा, अवैध शराब, अवैध रेत परिवहन एवं मवेशी तस्करी में संलिप्त आरोपियों धर पकड़, अपराध की रोकथाम एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में सीमावर्ती राज्य होने से एक राज्य के आरोपी के दूसरे राज्य में आकर छिपने का काम करते हैं, जिनकी पतासाजी हेतु एक-दूसरे का सहयोग करने संबंधी चर्चा भी की गई। मीटिंग में संयुक्त रूप से एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया जिससे जानकारी एक दूसरे से साझा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद मिल सके। बार्डर मीटिंग में अन्य कई विभिन्न विषयों विस्तृत चर्चा की गई।

### विधायक की मौजूदगी में शुरू हुआ एनएच पर गड्ढे भरने का काम



**राजपुर।** नगर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 343 की जर्जर सड़क पर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। विधायक के निर्देश के बाद एनएच विभाग व ठेकेदारों ने गड्ढों को भरने का काम शुरू कराया गया है। इस दौरान मरम्मत कार्य का विधायक ने निरीक्षण किया और अधिकारियों से चर्चा की। बता दें कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। जर्जर सड़क पर बने गड्ढों के कारण आवागमन मुश्किल हो गया था। इस दौरान आलम यह है कि कई यात्री बसें चलनी ही बंद हो गई है और लोग जर्जर सड़क पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है। 110 किमी सड़क के निर्माण का टेंडर हो चुका है और ठेकेदार भी आ चुके है लेकिन समय रहते बारिश से पहले के पैच रिपेयरिंग का कार्य नहीं कराया गया जिससे यह स्थिति बनी हुई है। ऐसे में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा विभाग के अधिकारी व ठेकेदारों से बात कर सड़क के मरम्मत हेतु चर्चा की थी। एनएच विभाग द्वारा सड़क मरमम्त का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को विभाग द्वारा बरियों, राजपुर गेउर नदी पुल के पास ठेकेदार ने सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मौजूदगी में सड़क के मरम्मतीकरण का काम शुरू कराया है। सड़क की समस्या को लेकर अधिकारियों व ठेकेदार से चर्चा की गई थी जिसके बाद यह काम शुरू हुआ है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री व पूर्व जनपद सदस्य मुकेश गुप्ता, बरियो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, ओम प्रकाश सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** दूसरे घर में मवेशी बांधने जा रहे वृद्ध को वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी खोरा (70 वर्ष) गत दिन शाम को अपने दूसरे घर में मवेशी को बांधने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया।

## पखवाड़े भर से मशीन खराब, जांच कराने भटक रहे मरीज

# मरीजों को नहीं मिल रहा एक्स-रे सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध हो तथा समय पर मरीज का उपचार हो सके इसके मद्देनजर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की सुविधा के लिए भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स रे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिससे मरीजों को लाभ मिल सके लेकिन अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही व टेक्नीशियन के मनमानी रवैया के कारण मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा। आलम यह है कि एकस रे मशीन पिछले एक पखवाड़े से खराब पड़ी है लेकिन मरम्मत कराने किसी ने सुध लेना भी मुनासिब नहीं समझा जिसका खामियाजा अस्पताल आने वाले मरीजों को न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है बल्कि एक्स रे कराने दर दर भटक रहे है।

**खास बात**

- निजी संस्था व जिला चिकित्सालय में कराते है एक्स-रे

भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। हर रोज बड़ी संख्या में आसपास गांव के लोग उपचार सहित जांच कराने अस्पताल आते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों की भीड़ होने तथा एक्स-रे जैसे सुविधा नहीं होने पर लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर साल 2018 में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन स्थापित की गई। अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध हो जाने पर क्षेत्र के लोगों को बेहतर जांच व उपचार की आस जगी। लोगों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब एक्स-रे मशीन की सुविधा होने के बावजूद इसका लाभ लोगों को नहीं मिल सका। अस्पताल में एक्स-रे की मशीन तो है लेकिन टेक्नीशियन के मनमानी के कारण मशीन का उपयोग नहीं हो रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में छोटा एक्स रे मशीन है परंतु एक्स-रे कक्ष हमेशा बंद होने से अस्पताल आने वाले मरीज न सिर्फ एक्स-रे कराने भटकने के साथ सूरजपुर के चक्कर लगाने को मजबूर है। सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में घायल हुए मरीज का एक्स-रे नहीं होने तथा रिपोर्ट नहीं मिलने पर उपचार भी शुरू नहीं हो पाती जिससे मरीज सहित परिजन को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।




बंद एक्स-रे कक्ष।

### बंद रहता एक्स-रे कक्ष

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ी संख्या में मरीज जांच व उपचार कराने आते है। इसमें कई मरीज ऐसे होते है जिनका उपचार एक्स-रे के बाद ही चिकित्सक रिपोर्ट के आधार पर शुरू करते है। ऐसे में जांच कराने के पश्चात जब भी मरीज एक्स-रे कराने जाते तो पता चलता कि एक्स-रे कक्ष बंद है। परिजन का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे की सुविधा तो है लेकिन एक्स-रे कक्ष हमेशा बंद रहता है जिससे निजी संस्था या जिला चिकित्सालय में एक्स-रे कराने के लिए जाना पड़ता है। ऐसे में 3 से 4 सौ रूपए का अनावश्यक बोझ पड़ता है।

### टीबी मरीज है परेशान

भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ी संख्या में टीबी के मरीज आते है। जिनके लिए बलगम जांच के साथ एक्स-रे भी कराना अनिवार्य होता है। लेकिन एक्स-रे न होने से न केवल इलाज में देरी होती है बल्कि मरीज में संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### 15 दिनों से खराब है मशीन

भैयाथान सीएचसी की एक्स-रे मशीन पिछले 15 दिनों से खराब है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है और इंजीनियरों के पहुंचते ही मशीन दुरुस्त कर सेवा बहाल कर दी जाएगी।

-राकेश सिंह
बीएमओ भैयाथान



# खदान के पास हादसों का जोन विधायक ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

महान-3 ओपन कास्ट कोयला खदान के समीप प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर आए दिन हादसे होते जा रहे हैं। सड़क के दोनों ओर खड़े भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। न सड़क दिखाई देती है, न नियमों का पालन तथा धूल डस्ट के मोटी चादर सड़क पर बिछी हुई। बरसात के कारण कीचड़ में तब्दील सड़क से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

- मौके का जायजा, थाना प्रभारी को दिए सख्त निर्देश

आज जब प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते अंबिकापुर से लौट रही थीं और खदान के पास पहुंचीं, तो वहां की स्थिति देखकर भड़क उठीं। चारों तरफ उड़ती धूल, धुंध से भरी सड़क, चेहरे पर कपड़ा बांधकर दोपहिया वाहन चालकों की लाचारी और सड़कों के दोनों किनारे ट्रकों की लंबी कतारें देख विधायक ने तत्काल खडगवां चौकी प्रभारी को मौके पर बुलाया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे इस तरह से ट्रक कतारबद्ध खड़े नहीं होने चाहिए। सड़क पर नियमित रूप से सुबह, दोपहर और शाम तीन बार पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल की समस्या से राहत मिले। साथ ही खदान प्रबंधन और ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को चेताया जाए कि भविष्य में इस तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से एसईसीएल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि कोल परिवहन के नाम पर जनता की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अव्यवस्था और ट्रैफिक जाम से राहगीर परेशान हैं और एसईसीएल की जिम्मेदारी है कि वह अपनी गतिविधियों को अनुशासन में लाए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो एसईसीएल के खिलाफ उच्चस्तरीय शिकायत की जाएगी। स्थानीय लोगों ने भी विधायक के हस्तक्षेप का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि अब स्थिति में बदलाव जरूर आएगा।



### श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में सुभद्रा महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

**बिश्रामपुर।** नगर के श्री जगन्नाथ मंदिर से जुड़ी सुभद्रा महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा मंदिर प्रांगण में धूमधाम से सावन उत्सव का आयोजन किया गया,इसमें उत्कल समाज सहित अन्य समाज की महिलाएं एकत्रित हुईं,यहाँ पर सावन उत्सव के अवसर पर पारंपरिक हरे रंग की साड़ी पहन कर महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी,साथ ही गायन एवं ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति भी की गई।इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा सभी महिलाओं को सावन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सुभद्रा महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई समेत कोषाध्यक्ष अनुराधा प्रधान,मंजू स्वाइ,लक्ष्मी प्रधान,प्रियंका देहरी,नीलाद्री साहू,लक्ष्मी नायक, सुख ज्ञानी साहू,मीरा महापात्र,स्मिता कहर,प्रभासिनी नायक, दीपा सामंतराय, रीता प्रधान, निभा प्रधान, नर्मदा गोड़ व ममता यादव उपस्थित रहीं।

# अतिथि शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2016 से अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) द्वारा व्याख्याता की स्वीकृत पदों पर नियमित व्याख्याता समान अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं परंतु आज तक इन्हें नियमित नहीं किया गया है जिसकी मांग लगातार अपने स्तर किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में आज कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से मिलकर ज्ञापन सौंप अपनी मांग को रखा।

जिस पर श्री नेताम ने आश्वासन दिया जो भी नियमानुसार सम्भव होगा उसे पूरा किया जाएगा। अतिथि शिक्षक संघ के जिला प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज स्थानीय सर्किट हाउस में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंप अपनी मांगों से अवगत कराया। श्री नेताम ने बातों को ध्यान से सुनते हुए आश्वासन दिया कि आप सभी का कार्य सराहनीय है। आपकी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए यथा संभव नियमानुसार जो भी उचित हो उसे पूरा करने का कोशिश किया जाएगा। बता दे कि भाजपा सरकार द्वारा ही 2016 में सरगुजा एवं बस्तर में विद्या मितान को हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर एवं बीएड अहर्ता धारी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार रखा गया था। बाद में पूरे प्रदेश में भी भर्ती की गई थी परंतु बच्चों का भविष्य बनाने वाले अतिथि शिक्षक अपने भविष्य के प्रति ससंकित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी नेता मंत्री से मुलाकात कर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों को रख रहे हैं।



### विधानसभा क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए विधायक ने किया रुद्राभिषेक

**प्रतापपुर।** सावन के पावन महीना में बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पातालगंगा में रुद्राभिषेक कर विधि विधान से पूजन किए तथा प्रतापपुर विधानसभा की सुख समृद्धि और विकास की कामना की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि आनंद शुक्ला, मोहन पाण्डेय, अजीत शरण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, रामरतन गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी, सीबू सिंह, नीलम श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, विक्रम नामदेव सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।



# कोयला भविष्य निधि से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को उनके भविष्य निधि और पेंशन दावों के निपटारे में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से कोयला खान भविष्य निधि संगठन ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की है।संगठन ने 18 जुलाई को एक आधिकारिक आदेश जारी करते हुए भ्रष्टाचार और रिश्वत की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराने हेतु हॉटलाइन नंबर की स्थापना की है।

यह कदम उस समय उठाया गया है,जब विभिन्न क्षेत्रों से यह शिकायतें मिल रही थीं कि पीएफ और पेंशन क्लेम के मामलों में रिश्वत मांगी जाती है या अनावश्यक देरी की जाती है।अब यदि कोई भी कर्मचारी या हितग्राही किसी भी अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार या रिश्वत की मांग की जानकारी इस हॉटलाइन पर देता है,तो संबंधित क्षेत्रीय प्रमुख को प्राथमिकता के आधार पर उसी दिन दावे का निपटारा करना होगा।इसके लिए सभी क्षेत्रीय आयुक्तों, सहायक आयुक्तों को यह हॉटलाइन नंबर हितधारकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।सीएमपीएफओ ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि वे अपने संगठन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।यह आदेश कोयला मंत्रालय के अधीन कार्यरत एमपीएफओ के आयुक्त कार्यालय धनबाद, झारखंड से क्षेत्रीय आयुक्त ग्रेविएंस एनके मिश्रा द्वारा जारी किया गया है।

# संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर मोंटफोर्ट स्कूल में संभाग स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन टीम सीआईएस सरगुजा द्वारा किया गया।

- सरगुजा संभाग के 106 खिलाड़ियों ने की भागीदारी

प्रतियोगिता में सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया और सूरजपुर जिले के 106 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय स्विस लीग पद्वति से 6 चक्रों में हुई। ओपन वर्ग में वरूण सोनी विजेता, रोहन गुप्ता उपविजेता, सहज सिंह तृतीय, 15 वर्ष आयु वर्ग में मनीष विश्वकर्मा विजेता, यश कुमार गुप्ता उप विजेता, 13 वर्ष आयु वर्ग में ऋषभ देव भगत विजेता, आदर्श वर्मा उप विजेता, 11 वर्ष आयु वर्ग में अमिल अहमद विजेता, अरूप कुमार रे उपविजेता, 9 वर्ष आयु वर्ग में आदित्य अग्रवाल विजेता, आरूष पाण्डेय उप विजेता रहे। इसी प्रकार बालिका ओपन वर्ग में प्रेरणा तिग्गा, 15 वर्ष आयु वर्ग में अदिति सिंह, 13 वर्ष आयु वर्ग में अनन्या रे, 11 वर्ष आयु वर्ग में आयशा बानो और 9 वर्ष आयु वर्ग में नायशा यादव विजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रदीप कुमार मंडल सह निर्णायक अंजुम, सरोज शांडिल्य, वर्तिका तिवारी, सुनीता राजवाड़े, शशांक तिवारी और रविशंकर गुप्ता तकनीकी सहयोग विद्यालय की पीटीआई निर्मला यादव ने किया। पुरस्कार वितरण प्राचार्य ब्रदर सेवक गेब्रियल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने शतरंज को सबके बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए महत्वपूर्ण किट बताया। प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव सरोज वैष्णव ने कहा कि इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल पर होने चाहिए ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता रहे। नेशनल इंस्ट्रक्टर शेष रतन जायसवाल ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते वर्चस्व पर प्रकाश डालते हुए इस तरह के आयोजन से आने वाले समय में सरगुजा से भी विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार होने की बात कही। विश्वनाथ मनियन ने नौनिहालों को शतरंज में उपलब्धियां हासिल करने के टीप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन विश्वास तिवारी ने और आभार प्रदर्शन योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया।



## अभद्रता और वित्तीय दबाव का आरोप, प्रभार नहीं बदलने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# सरपंच संघ ने प्रभारी सीईओ को हटाने कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर में पंचायत प्रतिनिधियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। सरपंच संघ ने वर्तमान प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नृपेन्द्र सिंह के विरुद्ध कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल स्थानांतरण की मांग की है। सरपंच संघ ने प्रशासनिक अराजकता, सरपंचों की उपेक्षा, मनमानी, वित्तीय दबाव और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

कलेक्टर एवं जिपं सीईओ को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि डॉ. नृपेन्द्र सिंह पशुपालन विभाग के अधिकारी हैं और पंचायत व्यवस्था की समुचित जानकारी न होने के कारण ग्राम स्तर की योजनाओं और क्रियान्वयन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। सरपंचों का आरोप है कि डॉ. सिंह ने पदस्थापन के बाद से आज तक एक भी सरपंच बैठक आयोजित नहीं की है, जिससे शासकीय योजनाओं की जानकारी गांव तक नहीं पहुंच पा रही है। सरपंचों का आरोप है कि पंचायतों द्वारा 15वें वित्त आयोग की राशि से पूर्ण किए गए निर्माण कार्यों के भुगतान में सीईओ अनावश्यक अड़ंगे डाल रहे हैं। वे यह निर्देश देते हैं कि भुगतान से पहले उनकी अनुमति आवश्यक है, जबकि पंचायत राज अधिनियम में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है।

यहां तक कि ग्राम पंचायत खातों में सीधे प्रतिबंध लगाकर भुगतान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच संघ ने यह भी बताया कि पंचायत सचिवों के स्थानांतरण में भारी मनमानी की गई है। कुछ सचिवों को चुनाव से पूर्व ही हटा दिया गया और अब पुनः स्थानांतरण कर दिया गया। डॉ. सिंह ने अपने पसंदीदा सचिवों को तीन-तीन पंचायतों का प्रभार सौंप कर पंचायत संचालन को असंतुलित कर दिया है। साथ ही सरपंच संघ ने शासन से नियुक्त अधिकारी जय गोविन्द गुप्ता को प्रतापपुर जनपद का कार्यभार सौंपे जाने की मांग की जिससे पंचायत व्यवस्था सामान्य हो सके और ग्राम विकास की रफ्तार को पुनः गति मिल सके। सरपंच संघ ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में डॉ. नृपेन्द्र सिंह को हटाकर नया सीईओ नहीं नियुक्त की गई तो जनप्रतिनिधि सड़क पर आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिव प्रसाद सिंह, लालमति, त्रिभुवन सिंह, अनिता, रूद्र प्रसाद, कृष्ण सिंह, सोनू सिंह, रीता, राम प्रसाद सहित विकासखंड के अन्य सरपंच मौजूद रहे।



# अज्ञात बदमाशों ने मध्य रात्रि केंद्रीय चिकित्सालय के डॉक्टर के घर घुसने का किया असफल प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर में एक के बाद एक हो रही सिलसिलेवार चोरीयों सहित चैन स्नेचिंग की घटनाओं से जहाँ एक ओर नगरवासियों की नींद हराम हैं वहीं दूसरी तरफ पुलिस के लिए घटना का खुलासा कर पाना अब तक चुनौती बनी हुई है।चोरों के एक संगठित गिरोह ने सोमवार की मध्य रात्रि केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ डॉ निरंजन कुमार के घर में घुसने का असफल प्रयास किया है।

घटना सोमवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की बताई गई है।बताया गया कि चिकित्सक और उनका परिवार खाना खाकर आराम कर रहा था, रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे के करीब संगठित चोर गिरोह के चार से पांच सदस्य उनके टूए कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर सी 11 के पीछे एकत्रित होकर घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे, ड्यूटी से लौटकर भोजन करने घर पहुंचे एएसआई शशि शेखर तिवारी जो डॉ निरंजन के आवास के ऊपर प्रथम मंजिल के क्वार्टर में रहते हैं, उन्होंने मुंह हाथ धोने के लिए जब घर के पिछले हिस्से का दरवाजा खोला तो देखा कि चार पांच लड़के डॉ निरंजन कुमार के घर के पिछले हिस्से से उनके घर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं, तब तत्काल उन्होंने शोर मचाया और उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डॉ निरंजन सहित बिश्रामपुर थाना स्टॉफ को मोबाइल से दी।

### सीएम के ओएसडी के घर हुई चोरी की पहेली अब भी अनसुलझी

करीब दस दिवस पूर्व जीएम बंगला के निकट स्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री के ओएसडी रवि मिश्रा के सुने घर हुए नगदी सहित चांदी के जेवरात व मूर्ति चोरी मामले में पुलिस चोरों की धरपकड़ के लिए काफी सक्रिय है।इसके अलावा करीब एक माह पूर्व डीएवी की शिक्षिका नीलम पांडेय के साथ टूए कॉलोनी में इवनिंग वॉक के दौरान हुई चैन स्नेचिंग,कुम्दा कॉलोनी रोड में हुई महिला के साथ हुई चैन स्नैचिंग की घटना,बलरामपुर खदान में एक सप्ताह पूर्व हुए चार से पांच लाख के बेशकीमती केबल की सशस्त्र चोरी,गत 31 मई को केशवनगर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा बछाड़ के पुराने पंचायत भवन स्थित आवास में हुई नगदी व छह लाख के जेवरात की चोरी सहित थाना क्षेत्र में हुई कई चोरियों के मामले अब भी अनसुलझे हैं।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

## लाइफ Style



# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'




# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

## टीवी मसाला



# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली बैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप



### कॉलेज में नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान

**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में नई शिक्षा नीति 2020 पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रवीण कुमार पांडे, अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संबोधित किया। डॉ पांडे निरीक्षण करने शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा पहुंचे हुए थे, निरीक्षण पश्चात विशिष्ट अतिथि व्याख्यान का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने की। व्याख्यान का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य ने डॉ. पांडे का पुष्पगुच्छ कर स्वागत किया गया। डॉ. पांडे ने अपने संबोधन में नई शिक्षा नीति 2020 की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, मूलभूत संरचना और इसके दूरगामी प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में समावेशिता, लचीलापन, कौशल विकास, बहुविषयक अध्ययन और समग्र मूल्यांकन प्रणाली जैसे नए आयामों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि यह नीति शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्ति तक सीमित नहीं रखती, बल्कि व्यक्तित्व विकास और रोजगारोन्मुखी कौशल पर बल देती है।

### रणनीति बनाकर कराएं स्कूलों में पढ़ाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए स्कूल शिक्षा विभाग का बैठक लिया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने बैठक में उपस्थित बीईओ, एबीईओ, संकूल समन्वयक, प्राचार्य से पूछे कि, विगत वर्ष में जिले का परीक्षा परिणाम कम क्यों आया और इस शैक्षणिक वर्ष में परिणाम को बेहतर कैसे बनाएं इसके लिए क्या रणनीति बनाएं हैं। इसके साथ ही सभी प्राचार्य जिनके स्कूल में परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत के आसपास था, उनसे क्या कमी थी और जिनके टॉपर प्रतिशत वाले स्कूल के प्राचार्य से क्या रणनीति से आपने पढ़ाया, क्रमवार सभी स्कूल प्राचार्यों से कलेक्टर ने जानकारी लिया। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने बैठक में कहा कि कोई भी संस्था किस प्रकार संचालित होता है वो संस्था प्रमुख पर निर्भर होता है। बच्चों की उपस्थिति पर्याप्त है।

### चौदह केंद्रों में होगी आबकारी भर्ती परीक्षा

**सारंगढ़।** आगामी 27 जुलाई रविवार को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने बैठक ली। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चलेगी। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इसमें 4361 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बैठक में नोडल अधिकारी अनिकेत साहूए सहायक नोडल अधिकारी नरेश चौहान और एएसपी निमिषा पांडेय जिला पुलिस नोडल अधिकारी, तहसीलदार सहित परीक्षा केंद्र प्रभारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने सभी को कहा कि जिस परीक्षा केंद्र में जिस परीक्षार्थी का है, उसकी जांच करने पर ही उसे प्रवेश दें। किसी भी परिस्थिति में कोई परीक्षार्थी का परीक्षा केंद्र दूसरा हो, ऐसी गलती नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के सभी निर्देशों के अनुसार ही परीक्षा का कुशल आयोजन होना चाहिए। व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में नकल रोकने व्यवस्था किया गया है, जिसमें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा हाथों से तलाशी, फ्रिस्किंग किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिस कर्मी से यह फ्रिस्किंग कार्य किया जाना है। ये पुलिस कर्मी परीक्षा प्रारंभ होने से 2.30 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देंगे। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाना है।

### स्वच्छता दीदियों व कर्मियों को महिला उपाध्यक्ष ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# देश में 64 वीं रेटिंग पर नगर सरकार कोतबा





स्वच्छता दीदियों व कर्मियों को सम्मानित करतीं उपाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में नगर पंचायत कोतबा को मध्यम श्रेणी अर्थात 20 हजार जनसंख्या वाले शहरों में स्वच्छता के मामले में जशपुरनगर में पांचवे और पूरे देश भर में 64 वीं रैंकिंग के आधार पर मिले 'स्टेट मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड' पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए.सफाईकर्मियों व स्वछता दीदियों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन नगर के एसएलआरएम सेंटर में किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के कर्मचारियों सहित अन्य पार्षद गण भी मौजूद रहे। यह आयोजन नगर की पहली भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सुनील शर्मा के द्वारा आयोजित की गई थी। इस दौरान स्वछता दीदियों को वस्त्र और नगर के सफाई कर्मियों को नगद पुरुस्कार देकर ससम्मान किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा ने कहा ने कि यह पुरस्कार नगर की जागरूक जनता, कर्मठ सफाई कर्मचारियों और नगर पंचायत की समर्पित टीम के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। आगे श्रीमती शर्मा ने पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होने के पश्चात जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कार यह दर्शाता है कि अब हमारी सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में जनता जागरूक होकर इसका परिपालन कर रही है.जिसके कारण हमें इस अभियान में सफलता हासिल हुई है।

उन्होंने आगे कहा कि अब हमें देश के अन्य शहरों की तुलना में बढ़ चढ़कर इस अभियान से जुड़ना है। और लोगों को इस अभियान से जागरूक करना है.ताकि देश के टॉप 10 में हमारे नगर का नाम रोशन हो। उन्होंने कहा ने कि यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जनता की भागीदारी और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ को स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार मिल रही मान्यता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। उपाध्यक्ष ने कहा, 'हमारे लिए यह पुरस्कार केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है — स्वच्छ, सुंदर और टिकाऊ शहर की दिशा में लगातार काम करते रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के इस जिले के नगर पंचायत कोतबा को स्वच्छता के नक्शे पर और ऊपर ले जाना



# कलेक्टर ने ली हाथी मानव संघर्ष रोकने समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में वन विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर और डीएफओ शशि कुमार ने अधिकारियों से जिले में हाथी और मानव के बीच उत्पन्न संघर्ष की स्थिति को रोकने, हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सर्पदंश की घटनाओं से बचाव हेतु जागरूकता प्रसार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

▪ गज संकेत एप्प से हाथियों की गतिविधियों की मिलेगी जानकारी

बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने वनक्षेत्रों से गुजरने वाले खंभों में लगे विद्युत लाईन जो निर्धारित ऊंचाई से नीचे झूल रहे हैं उसे ठीक करने निर्देश विद्युत विभाग को दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने बताया की 100 स्थानों में हाई मास्ट लगवाने की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वनक्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को जंगली जानवरों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ ही सर्पदंश से बचाव के बारे में भी जानकारी दे ताकि सर्पदंश की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि एंटी स्नैक वेनम की उपलब्धता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में भी पर्याप्त मात्रा में है।

बैठक में वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया की हाथियों की गतिविधियों का विभिन्न माध्यमों से लगातार निगरानी की जाती है और ग्रामीणों का सतर्क भी किया जाता है। उन्होंने गज संकेत एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस एप के माध्यम से इससे जुड़े लोगों को घर बैठे ही उनके क्षेत्र में हाथियों के विचरण की सूचना और अलर्ट मिल जाता है। इस एप से जुड़े लोगों को मोबाईल पर टेक्सट मैसेज और फोन कॉल के माध्यम से हाथियों की विचरण की गतिविधियां की सूचना दी जाएगी। इससे वे स्वंय सर्तक भी होंगे और आसपास के ग्रामीणों को भी सूचित कर सर्तक कर सकेगें। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. जीएस जात्रा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, उपवनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्राधिकारी, गेमरेंजर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माय भारत जशपुर द्वारा मनाया गया एक पेड़ मां के नाम






पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मेरा युवा भारत जशपुर नगर के स्वयंसेवकों द्वारा जिला युवा अधिकारी सुश्री सुविधा पवार के मार्गदर्शन पर जशपुर नगर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, पौधा रोपण कराया जा रहे हैं। साथ ही गोष्ठी के माध्यम से लोगों को पौधारोपण हेतु जागरूक भी किया जा रहा है ।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए माय भारत के स्वयंसेवक एवं नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक सूर्यकांत चन्द्रा ने बताया कि 20 जुलाई 2025 से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें सर्वप्रथम बालक छात्रावास महाराज चौक में चित्रकला प्रतियोगिता कराया गया। इसी क्रम में रंजीता स्टेडियम में पौधारोपण किया गया। साथ ही शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय चंपा देवी महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता बनाई गई। और लोगों को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में आज 22 जुलाई को आरा ग्राम पंचायत में युवा सरपंच मनोज कुमार भगत जी के नेतृत्व में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्य गण एवं ग्रामीण, साथ ही आरा स्कूल के शिक्षक एवं युवा साथियों ने भाग लिया। इसमें गोष्ठी के माध्यम से सभी को वृक्षारोपण हेतु जानकारी दी गई। युवाओं ने रंगोली बनाकर लोगों को एक पेड़ मां के नाम का संदेश दिया साथ ही पंचायत के सार्वजनिक स्थल पर फलदार वृक्ष लगाए गए जिसमें डहु, जामुन ,काजू और अमरुद मुख्यतः शामिल है। मेरा युवा भारत जशपुर के माध्यम से समस्त जशपुर के युवाओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है जिसमें 15 साल से ऊपर के सभी युवा साथी माय भारत के इससे सामाजिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और जगह-जगह पर पौधारोपण कर रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम योजना सिर्फ पौधारोपण करने तक ही सीमित नहीं है , अपितु इस कार्यक्रम के माध्यम से में भारत जशपुर नगर संस्था सभी युवाओं को पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से उनके कला को दिखाने का मौका दे रही है साथ ही वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित भी कर रही है।

### लापता नाबालिग को झारसुगुड़ा से किया बरामद

**घरघोड़ा।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर चलाए जा रहे हैं मुस्कान अभियान में घरघोड़ा थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को घरघोड़ा पुलिस ने झारखंड उड़ीसा सीमा से लगे ओड़िशा राज्य के झारसुगड़ा जिले के सारसमाल गांव से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक राहुल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रकरण की शुरुआत 17 जुलाई को तब हुई जब एक महिला ने घरघोड़ा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री 16 जुलाई की शाम करीब 5 बजे घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने रिश्तेदारी एवं आसपास में काफी खोजबीन कीए लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। महिला ने शंका जताई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना घरघोड़ा में गुम इंसान और धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

# बिरहोर परिवार के गृह प्रवेश में पहुंचे वित्त मंत्री

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी लैलूंगा प्रवास के दौरान कुर्रा गांव में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के बिरहोर परिवारों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने सुकनी बिरहोर के पीएम आवास का गृह प्रवेश कराया और नए मकान की पूरे परिवार को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार के नन्हें बच्चे दिलीप बिरहोर से ही गृह प्रवेश का फीता कटवाया। इस दौरान वित्त मंत्री चौधरी ने कुर्रा में चौपाल लगा कर बिरहोर समुदाय के परिवारों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

▪ नन्हे बच्चे से कटवाया फीता, शासन के योजना के क्रियान्वयन की ली जानकारी



पीएम जनमन योजना के तहत परिवारों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रायगढ़ में रह रहे बिरहोर परिवारों के लिए पीएम आवास का निर्माण प्राथमिकता से किया गया है। इसी तरह शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से भी उन्हें जोड़ा जा रहा है। मुलाकात के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बिरहोर परिवारों से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में चर्चा की। उपस्थित लोगों ने सीसी रोड, सोलर स्ट्रीट लाइट के साथ ही पानी की उपलब्धता के लिए सुविधाओं को बढ़ाने की बात रखी। सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी की गई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को बिरहोर परिवारों के आवश्यकता अनुरूप सुविधाओं का प्राथमिकता से विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को दुलार किया और सभी को अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष कपिल सिंघानिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत व गोपाल अग्रवाल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मनोज सतपथी, रमेश होता, कुर्रा की सरपंच दमयंती राठिया, उप सरपंच राजकुमारी खलखो, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद श्रीमती प्रीति नायडू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सृजन संस्था का दस हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगीचा

सृजन संस्था द्वारा आज बगीचा जनपद के ग्राम पंचायत सरडीह में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अमरूद, कटहल, सीताफल, नींबू और जामुन जैसे फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक श्री उत्तम कुमार विश्वास ने वृक्षारोपण की पहल की सराहना करते हुए कहा, ₹इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि हरित आवरण को भी बढ़ावा देते हैं। सृजन संस्था द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है जो समुदायों के सतत विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर सृजन संस्था बगीचा के प्रोजेक्ट लीडर श्री देवेश चंद्रा ने बताया कि संस्था एक गैर-सरकारी संगठन के रूप में सामुदायिक विकास और आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय है। संस्था का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संसाधनों के सतत उपयोग और सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से कृषि और पशुपालन आधारित आजीविकाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संस्था द्वारा बगीचा जनपद की 20 ग्राम पंचायतों में कुल 10,000 ग्राफ्टेड फलदार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में सरपंच श्री रामजी राम भगत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव श्री ईश्वर यादव, समिति अध्यक्ष, सृजन संस्था के सदस्यगण, एचडीएफसी बैंक प्रतिनिधि, और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। स्थानीय सहभागिता और जनसमर्थन से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक एबी, 25 भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ प्रवीण भगतए को नोडल अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सुशांतो बनर्जी को पुलिस नोडल अधिकारी तथा सहायक परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ व्याशाउमावि चांदमारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# अभिनव स्कूल में छात्रसंघ का चुनाव संपन्न

**पुसौर।** पुसौर में स्थापित अभिनव विद्या मंदिर में छात्रसंघ का चुनाव संपन्न हुआ। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले स्कूल प्रबंधन की तरफ से स्कूल की व्यवस्था में कसावट लाने के लिए चुनाव की तैयारी शुरू हुई थी। इस बीच स्कूल प्रबंधन से जुड़े व शिक्षक अभिनव सतपथी ने इवीएम के तर्ज में चुनाव कराने के लिए पहल किया जिसमें सभी कक्षा शिक्षकों के मोबाईल को इवीएम बनाए गए जहां छात्रों ने अपने अपने मतदान किया। चुनाव से पहले विधिवत एक चुनाव अधिकारी वरिष्ठ शिक्षक उमेश साव को बनाया गया जो प्रत्येक कक्षा में जाकर जिन पदों के लिये चुनाव किया जाना था उसके लिए उम्मीदवार तैयार किए गए जिसमें एक पद के विरूद्ध कहीं कहीं 3 से अधिक की संख्या में उम्मीदवार रहे। इस संबंध में चुनाव अधिकारी ने बताया कि शालेय व्यवस्था को देखते हुए जिन जिन पदाधिकारियों की जरूरत रहती है उसके लिए 6 से 12 तक के कक्षा में उम्मीदवार व मतदाता तैयार किए गए। संबंधित उम्मीदवारों को अपने पक्ष में वोट मांगने 2 घंटे का समय भी दिया गया और उसके बाद चुनाव हुआ और उसके दूसरे दिन चुनाव परिणाम घोषित किया जाकर उनका शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी रखा गया।



# प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने जब्त

**रायगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है और खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रायगढ़ शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और दूध व दुग्ध उत्पादों सहित अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की। अभियान के दौरान टीम ने शहर के कई प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि मुरारी द किचन ढ़िमरापुर चौक का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त कारखाना मुरारी एवं महावीर मिष्ठान भंडार, हटरी चौक से खोवा खुला का नमूना संदेह के आधार पर जब्त किया गया। साथ ही गणगौर स्वीट्स पैलेस रोड, विकास डेयरी चक्रधर नगर और फ्रेश सेल बड़े रामपुर स्थित पनीर निर्माण इकाई का भी निरीक्षण किया गया। यहां से खुले पनीर का नमूना लिया गया और प्रतिष्ठानों को साफ सफाई व अन्य सुधारों के लिए नोटिस जारी किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। संदिग्ध खाद्य उत्पादों की जांच के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सरिता पटेल, सागर दत्ता, शांतनु भट्टाचार्य और नमूना सहायक शाश्वत तिवारी शामिल थे।

### उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़।** पं.जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु विद्यार्थियों के चयन के लिए 30 मार्च को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षार्थी अपनी मेरिट सूची संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारीए रायगढ़ कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला.सारंगढ़-बिलाईगढ़ कार्यालय में जाकर देख सकते हैं। यदि किसी विद्यार्थी को अपने नाम या अन्य जानकारी में कोई त्रुटि प्रतीत होती है तो वे 26 जुलाई तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, रायगढ़ कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा.आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि डाक द्वारा भेजे गए दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 36 लाख का गांजा ...

टेप में लिपटे 100 पैकेट गांजा बरामद किया गया। तस्करों की पहचान व गिरफ्तारी- वाहन में सवार आरोपियों की पहचान अशोक कुमार यादव 23 वर्ष निवासी खैरटोली, थाना वेंकटनगर, जिला अनूपपुर (मप्र), निलेश कुमार यादव 22 वर्ष निवासी ग्राम कुशीयारा, थाना भालूमाड़, जिला अनूपपुर (मप्र) पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा को संबलपुर (उड़ीसा) से लाकर अनूपपुर (म.प्र.) ले जा रहे थे। एनडीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी) एनडीपीसी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। साथ ही गांजा, कार व मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है। अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक- एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक 705 किलो गांजा (करीब 2 करोड़ की कीमत) जब्त किया जा चुका है। इस कड़ी में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती में से एक मानी जा रही है। इनकी रही प्रमुख भूमिका- इस कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी फरसाबहार उप निरीक्षक विवेक भगत, एएसआई नसीरुद्दीन अंसारी, प्रेमिका कुजूर, दिलबंधन भगत, प्रधान आरक्षक अजय लकड़ा, आरक्षक शिवशंकर राम, धीरेंद्र मधुकर, शोभनाथ सिंह व सैनिक जीवन मुंडू की भूमिका रही।

### शादी का झांसा ...

हुए उसे भी शादी का झांसा दिया। आरोपी कपिल ने युवती को 17 जुलाई को अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। बाद में उसने भी विवाह से इंकार कर दिया।

### अपराध और गिरफ्तारी...

साक्ष्य मिलने पर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।इनकी रही अहम भूमिका- मामले की जांच और गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सन्ना उपनिरीक्षक बृजेश यादव, आरक्षक संतोष प्रजापति, प्रवीण खलखो, विमलेश्वर, नीलम साय पैंकरा, मनोज जांगड़े, अभय चौबे, तथा महिला आरक्षक सुनीति एक्का की अहम भूमिका रही।

